तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 23 मई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

16 प्रदेश की जनता के भरोसे पर खरा उतर रही ...



16 टॉप टेन सूची में विकासखण्ड दुर्गूकोंदल का रहा दबदबा



## खबर संक्षेप

### समर कैम्प में बच्चों को मिट्टी से जरुरत की वस्तुएं बनाना सिखाया



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय समर कैम्प में 21 मई को माखनलाल प्रजापति और नारद प्रजापति के द्वारा केरा कोटा मिट्टी से जैसे दिए, मटका, पानी बॉटल, नादिया बैल, पोला, गमला, गुलदस्ता गमला, गुल्लट, आदि बनाए गए और बच्चों को भी बनाना सिखाया गया। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सीखा। इस मौके पर एबीओ अंजनी मंडावी, पूर्व प्राचार्य एसडी दास, शैलेंद्री मरकाम, मनीष गौतम, डुग्गा संकुल समनवयक, डॉ धनाजु राम नरेटी, हरीश नागराज, राजेश कुर्रे, पंकज निषाद आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### ऐसेबेड़ा में सुशासन समाधान शिविर 23 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 23 मई को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के क्लस्टर ऐसेबेड़ा अंतर्गत ग्राम भिंगीडार, चंदनपुर, गोविन्दपुर, ऐसेबेड़ा, श्यामनगर, बारदा, सत्यनगर, कृष्णनगर, बलरामपुर, जयश्रीनगर, वनश्रीनगर, कारेकट्टा, इन्द्रप्रस्थ और पुरूषोत्तमनगर के ग्रामीण सम्मिलित होंगे। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### डूबने से मौत पर परिजन को आर्थिक सहायता राशि

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। तहसील नरहरपुर के ग्राम चनार निवासी 33 वर्षीय डिगेश कुमार कावड़े की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित को चार लाख रुपएं की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की मनाई पुण्यतिथि

**भानुप्रतापपुर।** विधायक कार्यालय भानुप्रतापपुर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि को श्रद्धा एवं सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी तथा यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्णचन्द्र पाढ़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। उपस्थित जनों ने उनके योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया गया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांतिकारी व दूरदर्शी पहल किया, जिनके परिणामस्वरूप देश ने एक नए युग में प्रवेश किया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंग ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस भानुप्रतापपुर, शोपसिंग आंचला अध्यक्ष ब्लॉक कॉंग्रेस दुर्गुकोंदल, सुनाराम तेता अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, गोपीचंद बधाई अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, आनंद तेता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, किरण डोंगरे अध्यक्ष महिला ब ▶▶|शेष पेज 14 पर

## पीएम मोदी ने किया वर्चुअल उद्घाटन, डिप्टी सीएम ने जनता को किया संबोधित

# नक्सल प्रभावित इलाके के भानुप्रतापपुर का पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन आधुनिक भारत का प्रतिबिम्ब, सभी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के जिला कांकेर के भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन

- नवीन सुविधाओं और आधुनिकीकरण से लैस हुआ स्टेशन

का पुनर्विकास का कार्य पूर्ण हो चुका है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित, यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय पुनर्विकसित भानुप्रतापपुर स्टेशन का 22 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअली शुभारंभ किया। भानुप्रतापपुर में उक्त शुभारंभ समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव शामिल हुए। शुभारंभ करते हुए पीएम मोदी ने वर्चुअल कहा कि सरकार रेलवे को हाईटेक और यात्री-सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 1300 से अधिक स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और मालगाड़ियों के लिए अलग फ्रंट कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं, ताकि यात्री ट्रेनों की गति और समयबद्धता पर असर न पड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधुनिक और विकसित भारत की संकल्पना आज साकार हुई है। भानुप्रतापपुर के रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर इसे नवीन सुविधाओं और आधुनिक सेवाओं से लैस किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उभरते और विकसित भारत का कायाकल्प हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में वर्ष 2014 से लगातार विकास और उन्नयन हो रहा है। उप मुख्यमंत्री मंत्री ने उपस्थितजनों को रेलवे आधुनिकीकरण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेल भारत देश की लाइफ लाइन है और इसके मजबूत होने से पूरा भारतवर्ष मजबूत होगा। साथ ही यह भी बताया कि बोधघाट परियोजना की स्वीकृति केंद्र से मिल चुकी है जिससे आने वाले समय में बस्तर के विकास की दिशा में नई इबारत लिखी जाएगी। सांसद भोजराज नाग ने भी क्षेत्रवासियों को भानुप्रतापपुर के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाले स्कूली विद्यार्थियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित



भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास के उद्धघाटन समारोह में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसिला, रायपुर रेल मंडल के एडीआरएम बजरंग अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, कान्हारगांव सरपंच विमला गोटा, जनपद सदस्य वरुण खापड़े, भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, डिगेश खापर्डे, यशवंत जैन व संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन में 8.23 करोड़ में यह हुए कार्य

रेल प्रशासन द्वारा बताया गया कि भानुप्रतापपुर रेलवे परिसर में पृथक प्रवेश एवं निकास द्वार, 10.50 मीटर चौड़ी पहुंच सड़क, सौंदर्यीकृत गेट, उच्चतम प्रकाश, भूदृश्य और लौह मूर्तिकला तथा सेल्फी पॉइंट के साथ प्रवेश द्वार भी है, जिसमें रैंप और सीढ़ियाँ हैं ताकि प्रवेश करना आसान हो। इसके अलावा दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए पक्की सतह वाली प्रकाशयुक्त प्रकाश पार्किंग, दिव्यांगजनों के लिए पार्किंग सुविधा और डबल रेल हैंड ग्रिप के साथ प्रवेश व निकास रैंप, पीली पट्टियों के साथ 9 स्टैटिअर आदि शामिल हैं। इसी तरह बुकिंग कॉन्कोर्स, अनारक्षित और आरक्षित टिकटिंग और स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा। प्रतीक्षा कक्ष, पुरुष, महिला और दिव्यांगजन यात्रियों के लिए अलग-अलग शौचालय की सुविधा, नए मुख्य स्टेशन प्रबंधक कक्ष, वाटर कूलर और वाटर बूथ, वाटर कूलर और दिव्यांगजन अनुकूल नल वाले बूथ, आरपीएफ पोस्ट, सीसीटीवी रूम, कैटरिंग स्टॉल, अग्निशामक यंत्र, स्वच्छ परिसर सहित विभिन्न प्रकार की आधुनिकीकृत सुविधाएं विकसित की गई हैं।

### विश्व बैंक और मत्स्य विभाग की टीम पहुंची दुधावा केज



**कांकेर।** मत्स्य पालन के क्षेत्र में मत्स्य कृषकों की आर्थिक स्थिति का आंकलन करने, मात्स्यिकी विकास की उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करने तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के संभावनाओं से रूबरू होने विश्व बैंक के फिशरीज एक्सपर्ट जूनियन मिलियन, प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के नोडल अधिकारी आईए सिद्दकी, एनएफडीबी हैदराबाद के मासूम वाहिद, राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम सहकारिता मंत्रालय के सरफराज अहमद, संचालक मछलीपालन एनएस नाग तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के दुधावा जलाशय में केज कल्चर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। विश्व बैंक के अधिकारियों का यह दौरा छत्तीसगढ़ में मत्स्य विकास के आगामी परियोजनाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### बच्चे की सर्पदंश से हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत सरगीकोट निवासी 10 वर्षीय लेमन कुमार मंडावी की सर्पदंश से मौत हो गई है। सरगीकोट निवासी 38 वर्षीय लोकेश मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक को सांप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 20 मई की रात 11 बजे मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया है।

## पत्नी ने पति के खिलाफ और सास ने बहू के खिलाफ कराया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संजय नगर में पति और पत्नी के बीच विवाद की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है। पति

- जांच में जुटी पुलिस



शराब के नशे में घर आया और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट करने की शिकायत पीड़ित महिला ने थाना में किया। उसके बाद पीड़िता की सास ने भी थाना में शिकायत दर्ज कराया कि बहू ने मेरे साथ मारपीट किया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे संजय नगर 32 वर्षीय सफीया परवीन पति मो. वाहिद खान ने पुलिस को बताया कि मेरा विवाह वाहिद खान के साथ वर्ष 2011 मे सामाजिक रिति रिवाज के साथ हुआ है। वर्तमान में दाम्पत्य जीवन से मेरे तीन बच्चे है। मेरे पति मजदूरी का काम करते है, जो शादी के कुछ दिनो तक मुझे अच्छे से रखे उसके बाद वो नशा आदि करने लगे, जिससे आए दिन मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। परिवार के साथ 20 मई की रात को घर में थी, तभी रात करीबन साढ़े 9 बजे मेरे पति नशा करके आए और गाली देने लगे। कहने लगा कि तू मेरे खिलाफ थाना में शिकायत करती है, पुलिस वाले मेरा कुछ बिगाड़ नही सकते बोलने लगे। तूझे जान से मार डालूंगा बोलकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मारपीट करने से मेरे गाल, पीठ, गले, सिर एंव शरीर के अन्य हिस्से में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

संजय नगर निवासी 65 वर्षीय रजिया खान पति वजीर खान ने पुलिस को बताया कि मेरे दो बच्चे वाहिद और सरदार खान है। मेरा बड़ा लड़का वाहिद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पिछले 10 सालों से अलग रहता है। 20 मई की रात को साढ़े 9 ▶▶|शेष पेज 14 पर

## रकम को दुगुना करने का लालच देकर 7 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रियलस्टेट व फारेक्स ट्रेडिंग के नाम से अफशा प्रापटी प्राईवेट लिमिटेड

- पुलिस ने शुरू की जांच

और आगाज इंफामल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा रकम दो गुना करने का लालच देकर कम्पनी में 7 लाख 20 हजार रूपए का निवेश कराकर धोखाधड़ी करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के ग्राम बोरी निवासी 59 वर्षीय चेतन लाल साहू पिता स्व. कार्तिक राम साहू ने पुलिस को बताया कि अफशा प्रापटी प्राइवेट लिमिटेड और आगाज इंफामल्टी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ की ओर से रियेल स्टेट का करोबार एक वर्ष पूर्व से चल रहा है। इस कंपनी के डारेक्टर डॉ. जगन्नाथ टांडी फाउंडर और सीईओ उसकी पत्नी अंजूलिका पटेल ने अपनी कंपनी का नाम बदलकर वर्तमान में अफशा प्रापटी साल्यून टैडिंग टाइगर एकेडमी जावा वेचस प्राइवेट लिमिटेड और आगाज इफ्रा सल्टी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड छग रायपुर के नाम से चल रहा है। उक्त दोनों लोगों का स्थाई पता ग्राम मेमरा पोस्ट मेमरा व तहसील पियोरा जिला महासमुंद व अस्थाई पता सतनामीपारा तेली बांधा रोड तेलीबांधा रविग्राम रायपुर है। उक्त कम्पनी में लोगों को रकम निवेश करने पर जमा किया गया राशि का प्रतिमाह 20 प्रतिशत एवं दो माह में डबल तथा जमीन खरीदी बिक्री करने पर 200 प्रतिशत कैशबैक एवं गिफ्ट में कार देने का वादा कर अपनी कम्पनी में निवेश करने का




लालच दिया गया। कम्पनी में उनके सहयोगी कोर कमेटी के सदस्य कोरबा, धमतरी, भिलाई एवं अन्य शहरो में लोगों को बुलाकर सेमिनार कर एवं जूम मीटिंग के माध्यम से कम्पनी में निवेश करने पर उपरोक्त प्रकार का लाभ मिलेगा कहकर लोगों को प्रलोभन देते थे। इस संबंध में दोस्त कुमार हिरवानी ने मुझे बताया। वह और कुमार हिरवानी दोनों जनवरी 2025 में कंपनी के सदस्य जेपी बघेल के बुलाने पर माकड़ी ढाबा कांकेर में गए, वहां हमारे अलावा दूसरे जगह से भी लोग आए थे। जेपी बघेल की बातों में आकर मैंने 29 जनवरी को नकद 2 लाख रूपएं, 30 जनवरी को मेरा लड़का योगेश कुमार साहू के नाम से अपने खाता से 5 लाख रूपए जमा किया और मेरा दोस्त कुमार हिरवानी ने भी 17 जनवरी को फोन पे के माध्यम से 30 हजार रूपएं उक्त ट्रेडिंग टाईगर एकेडमी के खाते में जमा किया।

मुख्य प्रचारक जय प्रकाश बघेल जो एक शिक्षक है, लोगों को उक्त कम्पनी में पैसा लगवाने के लिए अपने सरकारी नौकरी का धौंस दिखाते हुए सिक्योरिटी के तौर पर चेक भी दिया है। मेरे लड़के योगेश कुमार साहू के साथ आफ्शॉ प्रापर्टी साल्यूशन प्रोपाराईटर जगन्नाथ टांडी ने प.ह.न. 81/2 रा.नि.म.- मंदिर हसौद में स्थित भूमि खसरा नंबर 2020 का भाग प्लाट नंबर 7/1 रकबा 500 वर्ग फीट का 5 लाख रूपएं में अपने नाम पर रजिस्ट्री कराए जाने का इकरारनामा बनवाकर ▶▶|शेष पेज 14 पर

### घायल की मौत, ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कांकेर।** सड़क दुर्घटना में घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने से पहले ही उसका मौत हो गया। चारामा थाना में दुर्घटना का शिकायत करने पहुंचे हाराडुला निवासी 35 वर्षीय धनेश्वर सिंहा ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई अपनी मोटर सायकल क्रमांसी सीजी 05 एके 5841 में सवार होकर जा रहा था। रास्ते में 21 मई को सुबह साढ़े 11 बजे आरोपी ट्रक चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके भाई को गंभीर चोट आया। इलाज के लिए चारामा अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसके मौत होने की पुष्टी किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### मनरेगा से डबरी निर्माण, ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी नरहरपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ है, जिसमें प्रतिदिन 50 ग्रामीणों को मजदूरी मिल रही है। बनसागर के सरपंच संदीप कुंजाम व रोजगार सहायक संजीव नेताम ने कहा कि रोजगार गारंटी योजना के तहत गांव में डबरी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हितग्राही बलराम नेताम के निजी जमीन पर डबरी निर्माण राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत की जा रही है। डबरी निर्माण के लिए स्वीकृति राशि 2.74 लाख रुपए की हुई है, जिसमें ग्राम बनसागर के 155 मजदूरों को रोजगार गारंटी के अंतर्गत प्रतिदिन 50 लोगों को मजदूरी ग्राम पंचायत के द्वारा दी जा रही है, जिसे ग्राम के मजदूर काफी खुश है और इस प्रकार से रोजगार गारंटी के तहत अन्य किसानों के निजी जमीन पर डबरी निर्माण एवं अन्य कार्य ग्राम बनसागर में चल रहा है। इस कार्य को मेट के रूप में ▶▶|शेष पेज 14 पर

## युवाओं ने सीखे विभिन्न कलाकृतियां बनाने के गुर



**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला कोसमापारा साल्हे में पहल नामक संस्था की ओर से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा था, जिसका समापन 21 मई को किया गया। ग्राम साल्हे में संस्था द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के शिक्षक के द्वारा बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट का काम करवाया जा रहा है, जिसमें पैरों से सचित्र वर्णन बनाना सिखाया गया, पेंटिंग, गमला, गमले को पेंट करना, राखी बनाना, सीड आर्ट, मड आर्ट, धान आर्ट , थ्री डी पेंटिंग जैसे विभिन्न कलाकृतियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जगदलपुर सेजस में पदस्थ बेस्ट कंचन कुलदीप का योगदान रहा है। उन्होंने समर क्लास संबंधित विभिन्न विषयों में बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया। साल्हे में संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई शिक्षकों और व्यापारियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से बच्चों को आधुनिक युग के अनुसार ऑनलाइन सामान बेचना और एक सफल व्यक्ति बनने के गुण सिखाए। संस्था द्वारा मोबाइल डिटॉक्सिफिकेशन के विषय में भी बच्चो और युवाओ को जागरूक किया गया, जिसके अंतर्गत एकाग्रता क्षमता बढ़ाने एवं बच्चों के मोबाइल स्क्रीनिंग टाइम को भी काम करने पर विशेष कार्य किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रेमवती हुसेंडी, उप सरपंच गायत्री बघेल, धनसिंह कोर्राम तथा ग्राम साल्हे की पंच आस्मती कोबरा एवं योगेंद्र सिंह मंडवी, पुणेंद्र कुलदीप, कंचन सूर्यवंशी, कुलदीप और विशेष अतिथि के रूप में महेंद्र कुलदीप रायपुर परिवहन निरीक्षक उपस्थित रहें। पहल संस्था के संचालक पुनेन्द्र कुलदीप ने बताया कि साल्हे में कार्यक्रम के समापन के पश्चात 23 मई से भानुप्रतापपुर गोंडवाना भवन रेलवे ओवर ब्रिज के पास सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक भानुप्रतापपुर क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ▶▶|शेष पेज 14 पर

## नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 15 से मिला आवेदन


# सुशासन तिहार के शिविर में आया अनोखा आवेदन मंडल अध्यक्ष को बर्खास्त करने की रखी गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा भाजपा मंडल को अध्यक्ष पद से बर्खास्त को लेकर सुशासन तिहार में आया

- निकाय और पंचायतों के आवेदनों का किया निराकरण

आवेदन सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसकी चर्चाएं जमकर हो रही है। आवेदन को वायरल करते समय आवेदनकर्ता के नाम और उसके मोबाइल नंबर को डार्क कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार विगत एक माह से सुशासन तिहार मना रही है। अंतिम चरण में ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों से



आमजन के द्वारा दिए आवेदनों का निराकरण करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए प्रत्येक ब्लॉक एवं नगर क्षेत्र में समाधान शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पूरे छत्तीसगढ़ के अलग अलग स्थानों पर जनता से मुलाकात कर रहे है। सुशासन तिहार के दौरान नगर पंचायत चारामा में एक अनोखा आवेदन आया है, जिसकी चर्चा पूरे जिले व राज्य तक पहुंच गई है। चारामा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 के आवेदक द्वारा एक आवेदन दिया गया है, जिसमें शासन प्रशासन के किसी मंत्री, विधायक, अधिकारी के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को संबोधित करते हुए चारामा मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू को आदिवासी समाज के साथ अभद्र व्यवहार और गाली गलौज करने के आरोप में मंडल अध्यक्ष पद से बर्खास्त करने एवं पार्टी से निष्कासित करने का निवेदन किया गया है।

### आवेदन आने की पुष्टि सीएमओ ने किया

*नगर पंचायत चारामा के सीएमओ हेमंत कुमार नेताम से जानना चाहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ किसी भी तरह का कोई आवेदन आया है, इस पर उन्होने कहा कि आवेदन आया है और रिकार्ड में दर्ज किया गया है। इस आवेदन के बारे में नोडल अधिकारी के संज्ञान में लाते हुए मार्गदर्शन लिया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को कृषि उद्यमी प्रमाण पत्र वितरित



**सुकमा।** जिला प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रखने और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में 24 आत्मसमर्पित नक्सलियों को भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सुकमा द्वारा 13 दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आत्मसमर्पित युवाओं को कृषि से सम्बंधित प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र एवं संस्थान में सब्जी नर्सरी, धान की खेती, डेयरी, मुर्गीपालन, बकरी पालन, मछली पालन का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। इसके साथ ही ओम प्रकाश साहू फैकल्टी के द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण उपरांत अरुण कुमार सोनी स्टेट कंट्रोलर के निर्देशन में सभी कैंडिडेट्स का असेसमेंट किया गया। असेसमेंट में सभी कैंडिडेटस पास हुए एवं उन्हें कलेक्टर महोदय के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कलेक्टर के द्वारा समस्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा में जुड़ने हेतु आग्रह किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में लाइवलीहुड कॉलेज के लेखापाल क्रांति बघेल, संस्थान के कार्यालय सहायक कमलेश कुमार सिन्हा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**सुकमा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में जिले के मुख्यालय सुकमा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन 20 मई से 20 जून तक किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों का पंजीयन 20 से 23 मई तक किया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों की विधिवत ट्रेनिंग दी जा रही है। बैडमिंटन के लिए प्रशिक्षक नवरतन नांगडे, फुटबॉल के लिए शिवेंद्र सिंह ठाकुर और कराटे के लिए बसंत जेना द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बालीबाल, क्रिकेट तथा एथलेटिक्स का भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया गया है। शिविर में प्रशिक्षण दो सत्रों में प्रातः और सायं प्रत्येक एक घंटे के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर की विशेष बात यह है कि इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निःशुल्क खेल सामग्री के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता में सुधार हो सके। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीयन फार्म भरना अनिवार्य किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला खेल अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# गुणवत्ता विहीन एवं समय पर कार्य न करने वाले कॉन्ट्रैक्टरों को डालें काली सूची में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा जिले भर में किए जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों उसकी अद्यतन प्रगति, कार्य पूर्णता तिथि, अप्रारंभ एवं रूके हुए कार्यो के स्थिति का औचित्यपूर्ण कारण के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा किया। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता विहीन एवं समय पर कार्य न करने वाले कॉन्ट्रेक्टरों को तुरन्त ब्लैक लिस्ट करें। जो ठेकेदार विभागीय अनुबंध अनुरूप अपने कार्यों को पूर्ण करने में अक्षम साबित हो रहे हैं उनके प्रति किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पंचायतों में बनाए जा रहे, आवासों का भी विभागीय मैदानी अमला समय समय पर तकनीकी निरीक्षण कर समय पर पूर्ण करने के लिए सरपंचों या ग्राम सचिवों को निर्देशित करें। इसके अलावा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को ग्रामीण आवास के निर्माण के संबंध में आ रही दिक्कतों के समाधान तथा आवास निमार्ण के मूलभूत सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में भी सलाह दिया जा सकता हैं। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा अनुसार निर्माण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में निर्मित होना सही मायने में सुशासन का परिचायक है अतः उन्हें अपेक्षा है कि विभाग के आगामी बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी किरन्दुल विकासखंड कुआकोंडा में आवासीय क्वाटर एच टाइप निर्माण कार्य, दुकान सह यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य दंतेवाड़ा, कटेकल्याण छात्रावास में शौचालय मरम्मत एवं बोर खनन कार्य, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जावंगा एजुकेशन सिटी में प्रथम तल में शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भाग-1, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भाग-2,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में सी.सी. सडक निर्माण कार्य भाग-1, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में सीसी सड़क निर्माण कार्य भाग-2, महतारी सदन निर्माण कार्य दंतेवाड़ा,महतारी सदन निर्माण कार्य कुआकोंडा, महतारी सदन निर्माण कार्य कटेकल्याण, स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाई स्कूल भवन पण्डेवार में भवन निर्माण कार्य भाग-एक,स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाई स्कूल भवन पण्डेवार में भवन निर्माण कार्य भाग-दो,स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाई स्कूल भवन गदापाल में भवन निर्माण कार्य भाग-एक,स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाई स्कूल भवन गदापाल में भवन निर्माण कार्य भाग-दो, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बड़े बेड़मा में 50 सीटर छात्रावास भवन निर्माण कार्य भाग 1 से 3 तक, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य बचेली,100 सीटर बालक आश्रम निर्माण कार्य सूरनार भाग- 1 से 4 तक,बायोपलॉस्क यूनिट का निर्माण कार्य दतेवाडा भाग-1 से 5 तक सहित अन्य स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यो के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के मुख्य कार्यपाल अंभियता राजीव विजय टडंन, एसडीओ गीदम आकाष सोनकर,एसडीओ दन्तेवाड़ा प्रमेन्द्र समरथ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ पखनार में समाधान शिविर

# योजनाओं से लाभान्वित होने का ग्रामीणों के लिए एक अच्छा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा






ग्राम पंचायत पखनार में सुशासन तिहार के अवसर पर समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

इस कार्यक्रम में पंचायत के सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया, जिससे आमजन में संतोष एवं उत्साह देखा गया। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही, उनके साथ बस्तर कलेक्टर हरीश एस, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन एवं समस्त जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहें। इस मौके पर विनायक गोयल ने ग्रामीणों से शिविर में अधिकाधिक भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने का ग्रामीणों के लिए यहां एक अच्छा अवसर है। अभी भी ग्रामीण अपने ग्राम से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं क्योंकि पूरा प्रशासनिक महकमा उनके समक्ष उपस्थित है और उनके आवेदनों पर प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। इस दरभा जनपद क्षेत्र के अंतिम समाधान शिविर में ग्राम पंचायतों के सचिवों को प्रशस्ति पत्र और छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इसके साथ ही अन्य विभागीय कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में मनाये जा रहें सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय दरभा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत के लिए लगाया गया था। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान और शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अतिथियों ने शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलो का अवलोकन किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक विनायक गोयल ने मां दंतेश्वरी की छाया चित्र में फूल माला पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की और कहा कि शासन की संवेदनशीलता और जवाब देही का प्रतीक है जो ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुलझाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने लोगों से सौर सूजला योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। बस्तर कलेक्टर ने बताया कि इस शिविर में कुल 3151 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 3150 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। उन्होंने आवास योजना, बच्चों के आधार निर्माण, जाति प्रमाण पत्र जैसी पहलुओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस दौरान क्षेत्र के जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य सम्पत्ति नाग, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी, तोकापाल जनपद उपाध्यक्ष रितेश जोशी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य दयमती नाग, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, सोमारू राम कश्यप, महादेव कवासी, दुर्जन सिंह कश्यप, तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी दरभा जनपद पंचायत बीरेंद्र बहादुर, दरभा तहसीलदार राहुल गुप्ता, नायब तहसीलदार जयंत जैन, पंचायत, मंडल सयोजक महेन्द्र बघेल, बीआरसी समलू राम, शेख तौफीक खना एवं आठ पंचायतों के सरपंचगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्राप्त हुई। विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन इस शिविर में उपस्थित रहे और शासन की योजनाओं से लाभान्वित हुए।

# गुरु गोविंद सिंह वार्ड में जियो टावर हटाया गया

## अवैध मोबाइल टावरों की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर में अवैध मोबाइल टावरों की जांच शुरू हो गई है। बुधवार को महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देश व राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, सहायक अभियंता दीपांशु देवांगन एवं समन्वयक सूर्यकांत निर्मलकर की उपस्थिति में शहर में लगे अवैध मोबाइल टावरों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिसमें गुरु गोविंद सिंह वार्ड के बालाजी नगर में एक अवैध टावर पाया गया। जिसमें रिलायंस जिओ का एंटीना लगा था,और अवैध रूप से संचालन भी किया जा रहा है। इस प्रकार के अवैध टावरों में संबंधित कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आने वाले समय में टावरों को हटा दिया जाएगा।

राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, सहायक अभियंता दीपांशु देवांगन एवं स्थानीय अधिकारियों ने अवैध रूप से स्थापित मोबाइल टावरों की पहचान करने और उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए एक अभियान शुरू किया है।बराजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा अवैध रूप से स्थापित मोबाइल टावरों को सील कर दिया जाएगा और बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और टावर कंपनियों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। बिना अनुमति के टावर लगाने से स्थानीय नियमों का उल्लंघन होता है और कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

एफआईआर दर्ज की जाएगी। अवैध तौर पर लगाए गए मोबाइल टावरों की वजह से निगम को सालाना करोड़ों का नुकसान हो रहा है। कई जगहों पर तो टावर कब और कितनी संख्या में लगाए गए इस बारे में जानकारी भी निगम अधिकारियों के पास नहीं है।

# माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, इस दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और लोगों को जागरूक करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर नॉलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। दीवारों पर नारा लेखन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक मे ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है, जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें। इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस दौरान साफ पानी से नियमित सफाई करना भी जरूरी है। माहवारी के दौरान उचित पोषण और आराम की भी आवश्यकता होती है ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके।

माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा पूरे माह भर आयोजित की जावेगी 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन भी किया जाएगा ताकि जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके और व्यापक व्यवहार परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके। इस हेतु विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# भूसारास में 764, हिड़पाल में 935 आवेदन हुए निराकृत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जनपद पंचायत कटेकल्याण के भुसारास ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आज आयोजन किया गया, जिसमें प्रतापगिरी, भुसारास, एड़पाल, दूधीरास, जंगमपाल और छोटेलखापाल के ग्रामीणजन शामिल हुए।

समाधान शिविर में 20 विभागों से कुल 764 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 760 मांग व 4 शिकायत थे, जिसमें सभी आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 7 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन कराया गया जबकि 9 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई।

साथ ही स्कूल एवं शिक्षा विभाग के 10 स्कूली छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 4 स्थानों पर बोर खनन की स्वीकृति, तथा 5 हितग्राहियों, का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया। जबकि पेंशन हेतु आवेदन किये 2 हितग्राहियों को पूर्व से उनके खाते में जा रही पेंशन राशि के संबंध में जानकारी दी गई। इस तरह से शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व अपने दिये आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और शिविर में उपलब्ध आधार, ड्राइविंग लाइसेंस आदि सुविधा का लाभ उठाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सोरी, जनपद अध्यक्ष हिड़मा कवासी, जनपद सदस्य, सरपंच, एवं पंच उपस्थित रहे जबकि प्रशासनिक अधिकारियों में श्री आशीष डे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटेकल्याण, आशा मौर्य तहसीलदार कटेकल्याण एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत हिड़पाल में भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में हिड़पाल, हितामेटा, कोरकोटी, भटपाल, उपेट के ग्रामीणों की भी उपस्थिति रही। उक्त शिविर में प्राप्त कुल आवेदन 951 में कुल 935 निराकृत किया गया। शिविर में सामग्री वितरण खाद्य विभाग 11 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण, पीएचई विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को जांच किट, कृषि विभाग द्वारा 5 कृषकों को केसीसी कार्ड वितरण, ग्राम पंचायत भटपाल को जिला पंचायत से कंप्यूटर सेट दिया गया। एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई रस्म भी की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधि गीदम जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी समस्त पंचायत के सरपंच, एसडीएम जनपद सीईओ बारसूर तहसीलदार एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहडीगुड़ा में मेगा समर कैंप का समापन समारोह का आयोजन 22 मई को कराया गया। मेगा समर कैंप में 5 मई से 22 मई तक बच्चों को विभिन्न गतिविधि पेटिंग, चित्रकला, बांस शिल्प, कागज से विभिन्न तरह के टोपी बनाना व नृत्य, विभिन्न चीजों लौंग, मोती लाई से माला बनाना, कविता, गीत, बास शिल्प, क्ले माडलिंग, कई तरह के मनोरंजन खेल खिलाए गए।

समर कैंप के प्रभारी गीता यादव द्वारा पुणे से प्रशिक्षण कर स्टेम गतिविधि का उपयोग करते हुऐ गतिविधि को प्रतिदिन समर कैंप में कराया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत उत्साहित होकर भाग लिया। समर कैंप के प्रतिभाग लिये बच्चो को प्रमाण पत्र व मेंडल ब्लाक शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष बसंत कश्यप व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी शालनी तिवारी द्वारा दिया गया। इस समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्यो अशोक खापर्डे, विमला भंडारी, सुश्री संगीता पांडे, अलका सेनगुप्ता व अन्य शिक्षक व पालक उपस्थित थे।

# कमिश्नर ग्रामीणों से रूबरू होकर मूलभूत सुविधाओं के बारे में पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने गुरुवार को सुकमा जिले के अंतर्गत छिंदगढ़ ब्लॉक के औचक भ्रमण के दौरान ग्राम पाकेला के ग्रामीणों से रूबरू होकर बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा।

साथ ही उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री की सुलभता, आंगनबाड़ी केन्द्रों में लक्षित बच्चों एवं माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता, भूस्वामियों को खसरा-बीवन प्रदाय, किसानों को किसान किताब का वितरण और खरीफ फसल सीजन के खाद-बीज तथा फसल ऋण की सुलभता के बारे में जानकारी ली और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित होने की समझाइश ग्रामीणों को दी। कमिश्नर ने सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारियों को गांव के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु सकारात्मक सहयोग प्रदान किए जाने कहा। कमिश्नर डोमन सिंह ने पाकेला के सामुदायिक भवन में अधिकारियों की बैठक में कहा कि इस दूरस्थ इलाके की जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान कर शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु सार्थक प्रयास करें। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किए जाने पर बल देते हुए समस्या एवं शिकायतों के निवारण को प्राथमिकता देने कहा। वहीं आम जनता की आवेदन पत्रों के आधार पर आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड और हितग्राहीमूलक योजनाओं की सामग्री प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जरूरत के अनुरूप हेण्डपम्पों एवं सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर एवं अन्य सुधार करने और टीम को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों को खाद-बीज एवं फसल ऋण की सुलभता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए आगामी 29 मई से 12 जून तक आयोजित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाकर किसानों को वितरण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मैदानी अमले के जरिए किसानों को समसामयिक कृषि सलाह प्रदान किए जाने कहा। उन्होंने शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले स्कूल, आश्रम-छात्रावासों की साफ-सफाई करने के साथ ही मरम्मत योग्य भवनों का मरम्मत सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में चिन्हांकन शिविर आयोजित कर इस पुनीत कार्य के लिए सार्थक प्रयास किए जाने कहा। इस दौरान एसडीएम सूरज कश्यप, सरपंच पाकेला मिथिलेश नाग सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# 100 किमी के अंदर घूम रहे जीपीएस लगे आईटीआर बीजापुर के गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में 17 दिन पूर्व दो गिद्धों की जीपीएस ट्रैकर लगाया और वन विभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के एक्सपर्ट ने उनका मेडिकल चेकअप कर उन्हें छोड़ा। उसके बाद ऐसे गिद्ध अब तक लगभग 100 किमी के अंदर ही घूम रहे हैं, यानि ट्रैकर लगे गिद्ध सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र में हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर गिद्धों के रहवास के लिए अनुकूल होने के चलते गिद्ध महाराष्ट्र के बाहर नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि गिद्धों पर जीपीएस लगने से उनकी दिनचर्या, हर हरकत, सुरक्षा और लोकेशन का पता हो सकेगा। हालांकि खुले आसमान में छोडने से पहले दोनों गिद्धों की मेडिकल जांच और मॉफोमेंट्री की गई थी। जीपीएस ट्रैकर के माध्यम सें बाकी गिद्धों की गतिविधि और लोकेशन का डाटा तैयार किया जाएगा। सैटेलाइट टैग के माध्यम से गिद्धों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही गिद्धों के भोजन, पानी की स्थिति और वास स्थल की भी जानकारी ली जाएगी। आईटीआर के विशेषज्ञ सूरज नायर ने गिद्धों के संरक्षण के लिए रिजर्व से सटे गांव मेनूर, बामनपुर, मददेड़ क्षेत्र में 6 गिद्ध मित्र बनाए, जो गिद्ध का सर्वेक्षण, रहवास के स्थान, इनके आबादी का अवलोकन, इनके वंशनाश के कारण स्थानीय ग्रामीणों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### सिंदूर मशाल यात्रा व विचार संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**चारामा।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर विचार संगोष्ठी व सिंदूर मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। सिंदूर मशाल यात्रा नगर के कोरर चौक से होकर सदर बाजार होते हुए भारत माता चौक पहुंची। पुनः कोरर चौक स्थिति सदभावना भवन में कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नदु कुमार ओझा के अतिथि में हुआ। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा शर्मा, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, हेम मंडावी, रूखमणि उईके, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंजू सोनकर, पार्षद संतोष ओझा, पार्षद उत्तम साहू, रजनी यादव, तुलसी कुंजाम, मंजू सोनकर, चंद्रिका चौहान, जनपद सदस्य अमिता बंजारे, संतोषी सिन्हा, पूर्व पार्षद केसरी देवांगन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम, उप अभियंता हरीश कुमार ध्रुव, लेखपाल सलमान खान सहित नगर पंचायत के कर्मचारी व नगर के महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### बजरंग दल का शौर्य प्रांत प्रशिक्षण वर्ग 25 से होगा शुरू

**कांकेर।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 25 मई से 31 मई तक कांकेर जिले के गढ़पिछवाड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में किया जा रहा है। यह सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर पूर्ण रूप से आवासीय होगा, जिसमें 15 वर्ष से 35 वर्ष तक की उम्र के युवाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में युवाओं को शौर्य, सेवा, अनुशासन, राष्ट्र सेवा और हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों की गहन जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का विकास करना, संगठनात्मक कार्यों के लिए उन्हें तैयार करना और उन्हें समाज सेवा की दिशा में प्रेरित करना है। बजरंग दल के इस प्रशिक्षण वर्ग में कांकेर जिले के सभी युवा साथियों को सादर आमंत्रित किया गया है। विशेष रूप से ऐसे युवा जो राष्ट्र और धर्म के लिए कार्य करने का उत्साह रखते हैं।

**आयोजन : समाधान शिविर पुरी में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री**

# प्रदेश की जनता के भरोसे पर खरा उतर रही साय सरकार: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के

■ दो निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख की घोषणा की

समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पुरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त समाधान शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव शामिल हुए, जिन्होने ग्रामीणजनों से कहा कि प्रदेश की साय सरकार आमजनता की उम्मीदों और भरोसे पर खरा उतर रही है। सुशासन तिहार वास्तव में आमजनता का सरकार के प्रति भरोसे का तिहार है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। एक ओर महतारी वंदन योजना लागू कर महिलाओं को आत्मसम्मान दिया, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी गई है। छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को आवास प्लस प्लस की सर्वे सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की। साथ ही सभी ग्रामीणों को शिविर में आकर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत पुरी क्लस्टर में कुल 3264 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 3239 का निराकरण हो चुका है। इसी तरह 20 शिकायतों में से 17 का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा किया जा चुका है। शेष



प्रकरणों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा। शिविर में उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पुरी के पहचान महिला क्लस्टर को शेड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए देने की घोषणा किया। साथ ही ग्राम किशनपुरी में पेयजल के लिए सोलर पैनल के लिए 4 लाख रूपए प्रदाय करने की घोषणा की। समाधान शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद कांकेर भोजराज नाग ने कहा कि केन्द्र में मोदी और राज्य में साय सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसीलिए सुशासन तिहार के माध्यम से जनता और प्रशासन को जोड़ने और समस्याओं को दूर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### महिलाओं को सुपोषण किट बच्चों का अन्नप्रशान

उप मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट भेंट किया तथा बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इसके अलावा हितग्राहियों को राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण हो चुके आवास के लिए पुष्पा परिहार, कवला मंडावी, देवकुमारी और प्रेमिन साहू को उप मुख्यमंत्री साव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं चाबी सौंपी गई तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भेंट किए गए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में ग्रामीण आवेदकों को अवगत कराया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## मावा मोदेल कोचिंग संस्था का उपमुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ विद्यार्थियों को किया प्रेरित

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव 22 मई को भानुप्रतापपुर प्रवास के तहत जिला प्रशासन द्वारा संचालित की जा रही निःशुल्क कोचिंग संस्था मावा मोदो का अवलोकन किया। लाइब्रेरी और अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों से फीडबैक लिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से रुबरु होते हुए उनके लक्ष्य के बारे में पूछा। विद्यार्थियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि मावा मोदोल दूरस्थ क्षेत्रों में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यह बेहतर प्लेटफॉर्म साबित होगा। उप मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को सीख देते हुए कहा कि यह ऐसा दौर है जब अच्छी और बुरी दोनों तरह की चीजें अपनी ओर आकर्षित करती हैं। आपको ये तय करना होगा कि अपने जीवन को किस दिशा की ओर लेकर जाएं। समय की कीमत पहचानें और एक-एक पल का सदुपयोग करें। उदाहरण देते हुए कहा कि एक क्लास में पढ़ने वाले दो विद्यार्थी को क्रमशः 95 और 45 प्रतिशत अंक मिलते हैं, जबकि शिक्षक वही, किताबें वही हैं।

अब तय आपको करना होगा खुद को 95 प्रतिशत वाले स्थान पर रखना है या 45 प्रतिशत वाली जगह पर। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि असफलता हार नहीं होती, बल्कि सीखने का सबक होता है। पिछली कमियों को दूर कर पूरी शिद्दत और लगन के साथ पर जो व्यक्ति अपने लक्ष्य को हासिल करने में लग जाता है, उसे सफलता अनिवार्य रूप से मिलती ही है। इस दौरान कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी सहित मावा मोदोल का स्टाफ मौजूद रहा।

### मक्के में फंगस से दाम के लाले, किसान परेशान

**जगदलपुर।** बेमौसम बारिश एवं आले के चलते मक्का की फसल का नुकसान हुआ। कृषि उपज मंडी में किसान ने 250 बोरा मक्का लेकर आया पर मक्के में फंगस के चलते व्यापारियों ने उसकी बोली नहीं लगाई, इसके चलते किसान को ऐसे मक्का को वापस घर ले गया।

## टॉप टेन सूची में विकासखण्ड दुर्गूकोंदल का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल




■ शिक्षा विभाग ने निकाली सम्मान रैली

छत्तीसगढ़ में शिक्षा का नया इतिहास लिखता विकासखंड दुर्गुकोंदल, जहां बच्चों की उपलब्धि पर शिक्षा विभाग ने सम्मान रैली निकाली। चयनित विद्यार्थी, पालको, जनप्रतिनिधि और शिक्षक गाजे बाजे के साथ बेहद उत्साहपूर्वक सम्मान रैली में शामिल हुए। यह रैली खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य चौक होते हुए, सरपंच निवास, जनपद कार्यालय सहित कई स्थानों से होते हुए गुजरी। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास से मिली है एक समय में शैक्षिक क्षेत्रों में विकासखंड की छवि उतनी अच्छी नहीं थी, किंतु हम सबके प्रयास ने साबित कर दिया कि यह भूमि उर्वरा है। बस समय में खाद और पानी देने की जरूरत है, उसी प्रकार हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा और सहयोग की जरूरत है, फिर यह सभी बच्चे आसमान भी छू सकते है। एबीईओ अंजनी मंडावी ने कहा कि आप सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों ने विकासखंड का नाम ऊंचा किया है ऐसी ही आगे की कक्षाओं में भी अध्ययन करें एवं अपने भविष्य को उज्वल बनाए। आयोजित रैली में दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई द्वारा माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर चयनित छात्रों का सम्मान किया। जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे द्वारा बच्चों को अल्पाहार के लिए बिस्किट, बैजनाथ नरेटी मंडल संयोजक द्वारा पेन, लतीप सोम बीआरसी द्वारा पेंसिल भेंट किया। रैली में कई स्थानों पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण, मीडिया आदि ने सम्मान किया। हर माता पिता, पालक अपने बच्चों की बेहतर भविष्य को लेकर सदैव ऊंचे सपने बुनता है, लेकिन अनेकों लोग अपनी गरीबी तथा उचित मार्गदर्शन के अभाव में यूं ही निराशा होकर जीवन यापन करते है। कक्षा 8 वीं स्तर से राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति प्रवीण्य परीक्षा के माध्यम से ऐसे ही कमजोर तबके के पालकों के बच्चों के लिए ही प्रति माह 1000 रूपए आर्थिक सहायता 4 वर्षों तक देने की योजना बनाई गई है, जो अब दुर्गुकोंदल जैसे पिछड़े क्षेत्र के 137 बच्चों का भविष्य अब उच्च स्तर पर पूरा होने जा रहा है।

## सेंट्रल जोन की विजेता बनी छत्तीसगढ़ टीम



**चारामा।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित साईं नेशनल क्रिकेट लीग 2025 के सेंट्रल जोन मुकाबलों में छत्तीसगढ़ की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच हुआ। छत्तीसगढ़ की टीम ने 60 रनों की निर्णायक जीत दर्ज कर पूरे राज्य को गौरवान्वित किया। फाइनल मुकाबले में गुलशन रंगारी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन कर/"मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट भी घोषित किया गया। सेमीफाइनल में अभिषेक कोर्राम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपने एकल प्रदर्शन से विरोधी टीम को मुश्किल में डाल दिया और उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। छत्तीसगढ़ की इस जीत में टीम के सभी खिलाड़ियों ने एकजुटता के साथ खेलते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। डाक्टर अरुण पटनायक जो कि कोच है , उनका मार्गदर्शन भी इस सफलता में अहम रहा। अब यह विजेता टीम अगला चरण पुट्टपर्थी, आंध्रप्रदेश में खेलेगी, जहाँ देशभर के अन्य जोनल विजेताओं के साथ मुकाबला होगा।

**विभिन्न विधाओं का दिया गया प्रशिक्षण**

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों के बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए पंद्रह दिवसीय जिला स्तरीय समर कैंप का समापन किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने कहा कि दुर्गुकोंदल शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर अग्रसर हो रहा है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के रिजल्ट में राज्य में प्रथम है और पांचवी आठवीं में जिले में प्रथम स्थान एवं नवोदय जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं पर आगे हैं और आगे भी रहेंगे। समापन कार्यक्रम कि शुरुआत समर कैंप में सिखाए गए सरस्वती वंदना से किया गया तत्पश्चात स्वागत गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति किया गया। समर कैंप में 7 से 22 मई तक 10 विधाओं योग, चित्रकार क्राफ्ट, गायन, वादन, खेल, कबाड़ से जुगाड़, निबंध लेखन कहानी, स्पोकन इंग्लिश, बेसिक कंप्यूटर एवं शिक्षाप्रद फिल्में जैसे विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बच्चों के द्वारा बनाया गया हस्तकलाओं का प्रदर्शनी भी लगाया गया था, जिसे देखकर समस्त अतिथि गणों ने सराहना की विशेष आकर्षण मिट्टी के बनाए गए गमले वाटर मटका फूलदान आदि रहे। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्कूलों को संस्कार में बनाकर दुर्गुकोंदल को संस्कारधानी बनाना है। कैंप के नोडल अंजनी मंडावी ने भी सभी बच्चों को स्किल डेवलपमेंट करने की बात कही एवं मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों एवं सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन अवसर पर एसडीदास, जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य सविता उईके, ग्राम पंचायत खुटगांव सरपंच मुकेश नरेटी, सरपंच दुर्गूकोंदल शकुंतला नरेटी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक जैन, फूल सिंह मंडावी एवं मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, प्राचार्य और अपना दायित्व निर्वहन करने वाले सभी शिक्षकों तथा सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेजेश के प्रचार्या अजय नेताम, संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी, किशोर विश्वकर्मा, योगेश मरकाम, ललित नरेटी, राजेश कुर्रे, हरीश नागराज, प्रतिमा शाह, बंगोमा रानी चक्रवर्ती,किरण मरकाम, वंदना पोटाई एवं सजेश समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## जनता के हित में कटिबद्धता के साथ काम कर रही सरकार : किरणदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि प्रदेश में आयोजित समाधान शिविर का बहुत अच्छा प्रतिसाद जनता से मिल रहा है। सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। समाधान शिविर में हमारी जनता की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच सरकार जनता के पास जायें जिसका सशक्त माध्यम समाधान शिविर होता है। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है, जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया। साथ ही समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। किरण देव ने गुरुवार को पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित समाधान शिविर में यह बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण, महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन आदि में सकारात्मक पहल किए जाने कहा।

### 775 आवेदन का निराकरण



समाधान शिविर में नगर निगम क्षेत्र के 12 वार्डो मोती लाल नेहरू, दीनदयाल उपाध्याय, दंतेश्वरी, गंगा नगर, गांधी नगर, जवाहर नगर, सरदार वल्लभ पटेल, मदर टेरेसा, शांति नगर,मदनमोहन गुण्डाधुर वार्ड सम्मिलित थे। समाधान शिविर में प्राप्त 776 आवेदन में 775 आवेदन का निराकरण किया गया। और एक आवेदन लंबित है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 2984 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें 2946 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने समाधान शिविर में अपनी बात रखी।

## हल्बा जनजाति की वाचिक परम्पराएं नामक लिखित पुस्तक तहसीलदार को भेंट की



**दुर्गुकोंदल।** भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिन 15 नवंबर 2024 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विमोचित पुस्तक दुर्गूकोंदल तहसीलदार केतन भोयर को हल्बा जनजाति की वाचिक परम्पराएं नामक लिखित पुस्तक ग्राम बांगाचार निवासी दामेसाय बघेल द्वारा भेंट किया गया। पुस्तक में प्राचीन जीवन-शैली के संबंध में पुरखों की व्यवस्था, जन्म संस्कार, विवाह संस्कार, मृत्यु संस्कार, देव संस्कार का ताना-बाना रीति रिवाज, देवी -देवताओं की मान्यताएं, मौखिक कला साहित्य, लोक संस्कृति धनकुल, किंवदंतियां, समाज के महान विभूतियों का योगदान, जड़ी बूटी के जानकार, ऐतिहासिक, पुरातात्विक धरोहर पर लेख को समाहित किया गया है। इस अवसर पर सुमित देवांगन नायब तहसीलदार दुर्गुकोंदल, सुकदेव बघेल, सुकलाल बघेल, मिलाप बघेल, हृदय बघेल आदि उपस्थित रहे।

### जल, जंगल, जमीन बचाओ न्याय यात्रा का आगाज 26 को

**दंतेवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सालम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बस्तर जो अपनी प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक विरासत के लिए जानी जाती है, आज खतरे में है। जल, जंगल और जमीन ये तीनों न केवल हमारी आजीविका का आधार हैं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा भी हैं। आज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के तहत, प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है, जिससे स्थानीय समुदायों का जीवन और आजीविका दांव पर है। इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए, कांग्रेस का 26 मई से 29 मई तक बचेली से दंतेवाड़ा तक 40 किलोमीटर की जल, जंगल, जमीन बचाओ न्याय यात्रा निकलेगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां विषय पर आयोजित कार्यशाला में हुए शामिल**

# जमीन पंजीयन में फर्जीवाड़ा रोकने सरकार का यह ऐतिहासिक कदम :उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ अनियमितताओं के चलते आमजन को होती थी परेशानी : साव




प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरूण साव कांकेर जिला प्रवास के दौरान पंजीयन विभाग द्वारा रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां विषय पर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भूमि के पंजीयन संबंध में फर्जीवाड़ा के अनेक मामले सामने आते हैं। भूमाफियाओं के द्वारा अनेक तरह की अनियमितताओं के चलते आमजनता के जीवनभर की कमाई एक पल में बर्बाद हो जाती है। इसमें सुधार लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 10 बिंदुओं पर नवाचार किए गए हैं जो पंजीयन के मामले में दूरगामी और आशातीत सकारात्मक परिणामदायक होंगे। संपत्तियों की कीमत जैसे-जैसे बढ़ी है, वैसे-वैसे आर्थिक परेशानियां भी बढ़ी हैं। ब्रिटिशकालीन पंजीयन अधिनियम 1908 तथा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के पुराने नियम आज भी चल रहे हैं, जिससे अनेक प्रकार की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आती हैं। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे आधुनिकीकृत, सरलीकृत और पारदर्शी बनाने की दिशा में पहल किया, जो वास्तव में गरीब तबके को बड़ी राहत देगी। इसके पहले कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने रजिस्ट्री की 10 नई क्रांति विषय पर अपने संक्षिप्त विचार रखे।

### यह दस प्रकार के कार्य हैं शामिल

कार्यशाला में उप पंजीयक पुष्पलता धुर्वे ने बताया कि पंजीयन विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया को अद्यतीकृत किया गया है, जिसमें 10 प्रकार के कार्य सम्मिलित हैं। इसमें रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण, घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज बनाने की सुविधा, फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड, घर बैठे रजिस्ट्री, रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण पत्र, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान, वाट्सएप सेवाएं तथा डिजिलॉकर सेवाएं शामिल हैं।

